भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 530

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग -709बी पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र

530. सुश्री इकरा चौधरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंचकुला - अंबाला - सहारनपुर - हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग, मेरठ - हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग, दिल्ली - यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी और ग्राम बलवा-जेवरा पुलिया-सिम्भलका पर और राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी पर रेलवे पुल के निकट पहचान किए गए दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट या दुर्घटना प्रवण क्षेत्रों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों के उक्त खंडों के समुचित रखरखाव, विकास और मरम्मत के लिए सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग विकासकर्ताओं के बीच औपचारिक रूप से किए गए संविदाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। चूंकि ग्राम बलवा-जेवरा पुलिया-सिंभलका खंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं है, इसलिए उक्त सड़क पर दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट या दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का विवरण मंत्रालय में नहीं रखा जाता है।

शेष राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात् पंचकूला-अंबाला-सहारनपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा), मेरठ-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग, दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी और राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी पर रेलवे पुल के पास चिह्नित किए गए दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राष्ट्रीय राजमार्ग का विवरण	ब्लैक स्पॉट्स की संख्या
1	पंचकूला-अंबाला-सहारनपुर-हरिद्वार	7
2	मेरठ-हरिद्वार	29
3	राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी पर रेलवे पुल के पास सहित दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी	9

(ख) पंचकूला-अंबाला-सहारनपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा), मेरठ-हरिद्वार रारा, दिल्ली-यमुनोत्री रारा-709बी के विकास और रखरखाव के लिए सरकार और ठेकेदारों/रियायतग्राहियों के बीच किए गए करारों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्ग -709बी पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र' के संबंध में सुश्री इकरा चौधरी द्वारा पूछे गए दिनांक 25.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 530 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विकास के लिए किए गए करार:

क्र.सं.	**राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम**	**खंड का नाम**	**सौंपी गई लागत (करोड़ रु. में)**	**कार्य सौंपने की तारीख**	**नियत तारीख**	**पूरा होने की वास्तविक/संशोधित/निर्धारित तारीख**	**टिप्पणियां**
1	पंचकूला-अंबाला-सहारनपुर-हरिद्वार	रारा-344 के रुड़की-छुटमलपुर-रारा- 307 का गागलहेड़ी खंड और रारा-344 के गागलहेड़ी-सहारनपुर यमुना नगर खंड	942.00	30.03.2016	28.02.2018	07.10.2022	परियोजना 15 वर्षों के लिए दोष देयता अवधि (डीएलपी) के अधीन है
		रारा-344 का यमुनानगर-पंचकूला खंड - ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करना	29.47	21.10.2023	28.02.2024	25.08.2025	निर्माणाधीन
		रारा- 344 का यमुनानगर-पंचकुला (पैकेज)-III	224.54	26.08.2016	05.11.2016	30.06.2020	परियोजना डीएलपी के अधीन
2	दिल्ली-यमुनोत्री रारा-709बी और रारा-709बी पर रेलवे पुल के पास	रारा-709बी, पैकेज-I और II के लिए (अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन)	1100.00 /1323.52	15.07.2021/ 22.02.2021	26.06.2022 / 11.05.2021	22.12.2024 / 15.08.2024	निर्माणाधीन
		2. रारा-709बी के ईपीई क्रॉसिंग से शामली खंड	435.15	27.08.2018	21.11.2018	02.02.2021	परियोजना डीएलपी के अधीन
		3. रारा-709बी का शामली बाईपास से सहारनपुर खंड	531.00	05.02.2019	30.09.2019	31.12.2024	निर्माणाधीन

परिचालन और रखरखाव के लिए किए गए करार:

क्र. सं.	राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम	खंड का नाम	सौंपी गई लागत (करोड़ रु.में)	कार्य सौंपने की तारीख	नियत तारीख	रखरखाव अवधि
1	पंचकूला-अंबाला-सहारनपुर-हरिद्वार	रारा-344 का यमुनानगर-पंचकूला खंड (पैकेज - I और II)	6.64	27.09.2022	05.04.2023	एक वर्ष
2	मेरठ-हरिद्वार	रारा-334 का मेरठ-मुजफ्फरनगर खंड	127.80	23.03.2005	09.03.2006	20 वर्ष
		रारा-34 पर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार खंड पर किमी 354.050 से किमी 360.270 तक तथा रारा-334 पर किमी 0.000 से किमी 36.400 तक नियमित रखरखाव और घटना प्रबंधन कार्य	13.61	14.03.2022	30.03.2022	3 वर्ष
		रारा-334 के मुजफ्फरनगर से हरिद्वार खंड पर चैनेज 36.400 से चैनेज 71.900 तक नियमित रखरखाव और घटना प्रबंधन कार्य	13.96	07.05.2022	04.05.2022	3 वर्ष

*****